भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 480
उत्तर देने की तारीख 06 फरवरी, 2025
17 माघ, 1946 (शक)

2036 ओलंपिक

480 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रस्तावित 2036 ओलंपिक खेलों को देश में बहु - नगरीय खेल कार्यक्रम बनाने के लिए विचार-विमर्श शुरू कर दिये गए हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि भुबनेश्वर में हॉकी, भोपाल में नौकायन, पुणे में कैनोइंग और कयाकिंग तथा मुंबई में क्रिकेट का आयोजन किए जाने की संभावनाए हैं;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ओलंपिक भारत में आयोजित किए जाने पर उनमें कबड्डी, खो-खो जैसे खेल शामिल करने पर कोई चर्चा की जा रही है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): भारत में कभी भी ओलंपिक की मेजबानी नहीं की गई है। ओलंपिक के लिए मेजबानी के अधिकार का आवंटन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा सार्वजनिक डोमेन में विस्तृत मेजबान चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। आईओसी के पास एक समर्पित निकाय, फ्यूचर होस्ट कमीशन (एफएचसी) है, जो इस विषय से संबंधित है। इच्छुक राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को ओलंपिक खेलों के एक विशिष्ट संस्करण के लिए मेजबानी के अधिकार लेने के लिए एफएचसी के साथ संवाद करने की आवश्यकता होती है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), जो भारत के लिए एनओसी है, ने एफएचसी के साथ संवाद प्रक्रिया शुरू की है।

आईओए ने पहले ही 01.10.2024 को आशय पत्र जारी कर दिया है, जिसमें औपचारिक रूप से 2036 में ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की गई है।

(ख) और (ग): वर्तमान में, ओलंपिक 2036 की बोली प्रक्रिया उस चरण तक आगे नहीं बढ़ी है जहां विभिन्न खेल विधाओं के लिए स्थानों के बारे में चर्चा हुई है।

(घ) और (ड.): ओलंपिक खेलों में किसी भी खेल विधा को शामिल करने का निर्णय अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा लिया जाता है। अन्य बातों के अलावा, आईओसी ने निर्धारित किया है कि किसी खेल विधा को एक अंतरराष्ट्रीय परिसंघ द्वारा संचालित किया जाना चाहिए जो ओलंपिक चार्टर के नियमों का पालन करने का वचन देता है और इनका दुनिया भर में व्यापक रूप से अनुपालन किया जाना चाहिए और विभिन्न मानदंडों को पूरा करना चाहिए।

*****